आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि विमल नेगी मौत मामले में उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इसके खिलाफ सरकार कोई अपील नहीं करेगी। दिल्ली से शिमला लौटने के बाद आज पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी अधिकारी की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगी और उचित फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सीबीआई को जांच में पूरा सहयोग करेगी और अगर भाजपा के पास भी भ्रष्टाचार के दस्तावेज हैं तो सीबीआई को देने चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा को विमल नेगी के परिवार से कोई सहानुभूति नहीं है और वे इसे राजनीतिक मुददा बनाकर अपना स्वार्थ साधना चाहती है।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस मामले में सीबीआई टीम में हिमाचल का कोई अधिकारी शामिल न करने के उच्च न्यायालय के फैसले पर भी सवाल उठाए हैं।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर सेना के शौर्य व सम्मान को लेकर प्रदेश में भाजपा द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज बिलासपुर ज़िला के घुमारवी में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें विधायक त्रिलोक जम्वाल, पूर्व विधायक राजेन्द्र गर्ग और भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। भाजपा महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सिरमौर ज़िला के नाहन में तिरंगा यात्रा निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने कहा कि महिलाओं के लिए ये गर्व की बात है कि ऑपरेशन सिंदूर का नेतृत्व भी वीर नारियों द्वारा किया गया था और भारतीय सेना ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ मुहंतोड़ जवाब दिया है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। वे आज क्षेत्रीय अस्पताल सोलन के औचक निरीक्षण के बाद चिकित्सकों, पैरा मेडिकल कर्मियों व अन्यों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए विचार–विमर्श कर रहे थे। शांडिल ने इससे पूर्व क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का औचक निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच सहित रोगियों का कुशलक्षेम जाना।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि लोगों को घर–द्वार पर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम मददगार साबित हो रहा है। आज किन्नौर ज़िला की सांगला पंचायत में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। इस अवसर पर उन्होंने सांगला, बटसेरी, रकछम व छितकुल पंचायतों में कार्यान्वित मल निकासी योजनाओं को पूर्ण करने का आश्वासन दिया ताकि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके। जगत सिंह नेगी ने सांगला व आसपास की विभिन्न पंचायतों के लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी मांगों को चरणबद्ध ढंग से पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मैगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों का निशुल्क उपचार करने के अलावा दवाईयां भी वितरित की गई।

संजौली मस्जिद

विवादित संजौली मस्जिद को तोड़ने के नगर निगम आयुक्त शिमला के आदेशों पर ज़िला सत्र न्यायालय ने आज रोक लगा दी है। वक्फ बोर्ड ने नगर निगम शिमला आयुक्त के मस्जिद गिराने के आदेशों को अदालत में चुनौती दी थी। वक्फ बोर्ड के एडवोकेट बी.एस ठाकुर ने बताया कि इस याचिका पर आज कोर्ट ने निगम आयुक्त के आदेशों पर स्टे लगाया है। मामले की अगली सुनवाई 29 मई को होगी।

नमस्कार।